# GOVERNMENT COLLEGE FOR WOMEN

## KARNAL

(A CENTRE OF EXCELLENCE
NAAC ACCREDITED B+ GRADE)

# Annual Report

## 2022-23


DR. (MRS.) NIRMAL ATRI
H.E.S.-I
PRINCIPAL

gc_karnal_women@yahoo.com

0184-2262044

# राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, करनाल

## वार्षिक रिपोर्ट

## सत्र 2022–23

अप्रैल 1998 में अपने वर्तमान स्वरूप में आया राजकीय महिला महाविद्यालय, करनाल ब्रिटिश सरकार द्वारा निर्मित नॉरमन स्कूल के भवन में निर्मित है। वर्ष 2008 में हरियाणा सरकार ने इस महाविद्यालय का चयन ऐसे 25 महाविद्यालयों में किया जिन्हें सर्वोत्कृष्ट शिक्षा संस्थानों के रूप में विकसित किया जा रहा है। कला एवं वाणिज्य संकायों से शुरूआत करने वाला यह महाविद्यालय अब विज्ञान एवं अन्य रोजगारपरक पाठ्यक्रमों की शिक्षा भी प्रदान करने लगा है तथा शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेल एवं अन्य क्षेत्रों में नई ऊँचाईयों को छूकर यह क्षेत्र का एक लोकप्रिय शैक्षणिक संस्थान बन चुका है। महाविद्यालय की छात्राओं को आधुनिक व आर्थिक उदारीकरण के इस युग में अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से वर्ष 2010–11 से **B.Sc. Non-Med., B.Sc. Comp. Sc.** एवं **M.Com** के पाठ्यक्रम शुरू किए गए। सभी पाठ्यक्रमों में प्रतिवर्ष प्रवेश की निम्नतम प्रतिशत काफी ऊँची रहती है। इसके अतिरिक्त सत्र 2012–13 से छात्राओं की **English Communication Skills** सुदृढ करने हेतु **Functional Engilish** ऐच्छिक विषय के रूप में शुरू किया गया है। इसी दिशा में अंग्रेजी में स्नातक स्तर पर **Honours Degree Course** भी शुरू किया गया है ताकि अंग्रेजी भाषा में रूचि रखने वाली छात्राओं को इसका लाभ मिल सके। इसके साथ–साथ एम.एस. सी. भूगोल भी महाविद्यालय में आरम्भ हो चुकी है।

वर्तमान में महाविद्यालय में अध्ययन कक्षों की कोई कमी नहीं है। इसके साथ साथ अन्य सुविधाओं जैसे प्रयोगशालाएँ, **Faculty Rooms** आदि भी पर्याप्त संख्या मे बनाए गए है। अतः पठन–पाठन हेतु एक श्रेष्ठ वातावरण है। इसके साथ–साथ महाविद्यालय प्रांगण में अनुशासन बनाए रखने एवं बाहरी तत्वों पर निगरानी रखने के लिए C.C.T.V. कैमरे लगवाए गए हैं।

महाविद्यालय में भू–जल स्तर में सुधार एवं जल संरक्षण को ध्यान में रखते हुए दो **Water Harvesting Units** लगवाए गए है।

**<u>अध्ययन संकाय, विषय तथा स्टॉफ स्थिति :–</u>**

यह महाविद्यालय एक बहु संकाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय है जिसमें स्नातक स्तर पर कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं कम्प्यूटर डिग्री पाठ्यक्रम तथा स्नातकोतर स्तर पर एम.ए. हिन्दी, एम.ए. संगीत, एम.एस.सी भूगोल तथा एम.कॉम. की शिक्षा दी जाती है। एम.ए. अंग्रेजी, एम. एस.सी. कम्पयूटर सांईस के नये कोर्स की शुरूआत भी हुई। इसके अतिरिक्त **BBA, BCA** के Courses भी उपलब्ध हैं। इस सत्र में महाविद्यालय में स्नाातक कक्षाओं में **2461** तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं में **296** छात्राएं अध्ययनरत हैं। शैक्षणिक व अन्य कार्यो को सुचारू रूप से चलाने हेतु 57 नियमित **Assistant /Associate Prof.** कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त शैक्षणिक कार्यभार के वहन हेतु **Extension Lecture** के आधार पर 28 शिक्षकों की सेवाएँ ली जा रही हैं। सभी विषयों की पढ़ाई सुचारू रूप से चलाने के लिए महाविद्यालय में सुविधाजनक अध्ययन कक्ष और आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित प्रयोगशालाओं का निर्माण किया गया है।

महाविद्यालय के शिक्षकों की लगन व गुणात्मक शिक्षण तथा छात्राओं के परिश्रम के फलस्वरूप महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम प्रतिशत विश्वविद्यालय के परीक्षा परिणाम प्रतिशत से सदैव बेहतर रहता है। प्रतिवर्ष महाविद्यालय की छात्राएँ विश्वविद्यालय की मैरिट लिस्ट में स्थान पाती हैं।

## <u>Proctorial Duties :-</u>

महाविद्यालय में अनुसाशन बनाए रखने एवं शैक्षणिक कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए प्राचार्या की देख–रेख में सभी शिक्षक अपनी–अपनी **Proctorial Duties** अत्यन्त निष्ठा एवं लगन से निभाते हैं।

## Mentor Mentees Group:-

महाविद्यालय की छात्राओं को कुल 75 **Mentor Mentees Groups** में विभाजित किया गया है। प्रत्येक **Group** का इंचार्ज एक शिक्षक/शिक्षिका को बनाया गया है, जो छात्राओं की व्यक्तिगत और शैक्षणिक समस्याओं का निदान करते हैं तथा उन्हें व्यवसाय, रोजगार, शिक्षा तथा समसामयिक विषयों सम्बन्धी जानकारी प्रदान करते हैं। **Mentor Mentees Groups** से गुरू–शिष्य सम्बन्ध भी प्रगाढ होते हैं। इस सत्र में ये कक्षाएँ नियमित रूप से डॉ0 ऊर्मिला सांगवान की देख–रेख में लगवाई जा रही हैं।

## छात्रवृत्ति एवं अन्य सहायता राशि :–

हरियाणा सरकार व विभिन्न संस्थानों से छात्राओं को शैक्षणिक क्षेत्र में प्रोत्साहन देने हेतु छात्रवृत्तियाँ और अन्य सहायता राशि प्रदान की जाती है। सत्र **2022-23** में अनुसूचित वर्ग की छात्राओं के लिए **Consolidated Stipend scheme** के अन्तर्गत **86,10,000/-** की राशि प्राप्त हुई जो कि **615** छात्राओं में वितरित की गई। पिछड़ा वर्ग की छात्राओं के लिए 171 छात्राओं को 13,68,000/– की राशि वितरित की गई।

## अनुदान राशि :–

महाविद्यालय में बर्सर के दायित्व का निर्वहन श्री संजीव कुमार जी अत्यन्त कुशलतापूर्वक कर रहे हैं। महाविद्यालय में सत्र **2022-23** में हरियाणा सरकार से प्राप्त अनुदान राशियों का उपयोग नियमानुसार महाविद्यालय में विभिन्न सुविधाओं एवं **Infrastructure** के विस्तार करने एवं इन्हें समृद्ध बनाने में किया गया।

**Grants Received 2022-23**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Infrastructure Augmentation | : | 1, 20,000/- |
| 2. | Lab Up Gradation | : | 1,70,000/- |
| 3. | Science Exhibition | : | 25,000/- |
| 4. | Earn while you Learn | : | 70,000/- |
| 5. | Placement Cell | : | 11,500/- |
| 6. | Sports Activity | : | 15,000/- |
| 7. | Library | : | 4,00000/- |

## सांस्कृतिक गतिविधियाँ :-

डा. विवेक रंगा के नेतृत्व में सांस्कृतिक गतिविधियों में महाविद्यालय की छात्राएं प्रतिवर्ष नए मानदण्ड स्थापित कर रही हैं। इस सत्र में छात्राओं ने राज्य व विश्वविद्यालय स्तरीय अनेक गतिविधियों में भाग लिया और श्रेष्ठ प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इस वर्ष की सांस्कृतिक गतिविधियों का विवरण इस प्रकार है:-

- दिनांक 30/09/2022 और 01/10/2022 को महाविद्यालय मे प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किये।
- दिनांक 18 अक्तूबर 2022 से 20 अक्तूबर 2022 तक राजकीय महाविद्यालय, करनाल में आयोजित ज़ोनल यूथ फैस्टिवल में छात्राओं ने निम्नलिखित पुरुस्कार प्राप्त किए :

- **Classic Dance (Solo) - Recommended**
- **Haryanvi Dance (Solo) - Commended**
- **Haryanvi Folk Song - Commended**
- **Rangoli - Commended**
- **Choreography - Commended**
- **Mime - 2nd Commended**
- **General Group Song - Commended**
- **Haryanvi Group Song - 2nd Commended**
- **Classical Inst. (Solo) - 2nd Commended**
- **Sanskrit Declamation - 2nd Commended**

- दिनांक 22 नवम्बर 2022 को गुरू नानक खालसा महाविद्यालय करनाल में शब्द गायन (समूह) प्रतियोगिता में महाविद्याालय की छात्राओं ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
- दिनांक 17 दिसम्बर 2022 को महाविद्यालय की छात्राओं Inter Zonal Youth Festival(RKSD College, Kaithal) में भाग लिया।
- दिसम्बर 2022 को के.वी.ए. डी.ए.वी महिला महाविद्यालय, करनाल द्वारा आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में संगीत विभाग की छात्रा चेतना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- दिनांक 21 दिसम्बर 2022 को राजकीय महिला महाविद्यालय, करनाल में रेडियो सिटी द्वारा आयोजित सुपर सिंगर प्रतियोगिता में संगीत विभाग की छात्रा चेतना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

- ## साहित्यिक उपलब्धियाँ :-

समय-समय पर होने वाली विभिन्न राज्य स्तरीय, जिला स्तरीय एवं अन्तर्महाविद्यालयीय साहित्यिक प्रतियोगिताओं में भी महाविद्यालय की छात्राएँ अपनी सक्रिय भागीदारी से महाविद्यालय का गौरव बढ़ाती रहती हैं।

- ## <u>महिला प्रकोष्ठ</u>

डा. एकता अरोड़ा के नेतृत्व में यह प्रकोष्ठ छात्राओं को शारीरिक, बौद्धिक एवं भावनात्मक रूप से सशक्त बनाते हुए उन्हें व्यावसायिक प्रशिक्षण भी सुलभ करवाता है ताकि वे आर्थिक रूप से स्वावलम्बी बन सकें। महिला सशक्तिकरण के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु प्रकोष्ठ द्वारा वर्ष भर निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया गया–

- दिनांक 02/08/2022 से 15/08/2022 तक राजकीय महाविद्यालय, करनाल में आज़ादी का अमृत महोत्सव हर घर तिरंगा मनाया गया। जिसमे छात्राओं ने निबन्ध लेखन प्रतियोगिता, पेन्टिग प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता एवं डेक्लामेशन प्रतियोगिता में भाग लिया।
- दिनांक 21/09/2022 को नेशनल न्यूट्रिशियन कें अन्तर्गत डायटिशियन चारू शर्मा द्वारा एक्सटेंशन लैक्चर दिया गया एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
-
- दिनांक 28/09/2022 को जिला स्तरीय सलाद मेकिंग एवं सलाद डेकोरेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- दिनांक 29/09/2022 को **National Nutrition Month** के अन्तर्गत पोषण रैली का आयोजन किया गया।
- दिनांक 06/10/2022 से 8/10/2022 आर्ट एण्ड क्राफ्ट कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- 20/10/2022 को दिवाली महोत्सव के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय “दीया एवं थाली सजाओ” प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- दिनांक 02/11/2022 को Ist Aid Training का आयोजन किया गया जिसमें Red Cross Society करनाल से डा. नीना इन्स्ट्रक्टर के रूप में उपस्थित रहीं।
- दिनांक 10/11/22 विश्व विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में “साइंटिफिक टैम्प्रामेण्ट इन वुमेन” विषय पर एक्स्टेन्शन लैक्चर का आयोजन किया गया।
- दिनांक 17/11/22 को 10 दिन की मार्शल आर्ट सैल्फ डिंफेंस ट्रेनिंग का आयोजन किया गया।
- दिनांक 18/11/2022 को “फियर ऑफ मिसिंग आउट एण्ड मैंटल हैल्थ” विषय पर एक्सटेंशन लैक्चर का आयोजन किया गया।
- दिनांक 28/11/2022 से 30/11/22 तक 3 दिन की Self Grooming Workshop का आयोजन किया गया।

- दिनांक 10/12/2022 को Human Rights Day के अवसर पर प्रदेश स्तीरय 'निबन्ध लेखन एवं Caption it' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- दिनांक 13/02/2023 से 17/02/2023 तक Cooking Workshop का आयोजन किया गया।
- दिनांक 14/02/2023 को "Free Eye Check-up Camp" का आयोजन किया गया।
- <u>शैक्षणिक भ्रमण –</u>
- दिनांक 29 एवं 30/11/2022 को डा. उर्मिल सांगवान के मार्ग निर्देशन में 160 छा़त्रओं को "गीता जयन्ती सरस मेले" का शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया जिसमे मुख्य रूप से डा. विदुषा, डॉ. अनिल, डॉ. राजेश, डॉ. निशा, डॉ. रेणू, डॉ. निशान्त, श्रीमती सिमरन दीप एवं श्रीमती सीमा ने अपना सक्रिय योगदान दिया।

## <u>विधिसाक्षरता प्रकोष्ठ</u>

- दिनांक 30/08/22 को **Legal Literacy Mega Camp** का आयोजन किया गया।
- दिनांक 07/10/2022 को Traffic Rules & Ist Aid Treatment विषय पर एक्स्टैन्शन लैक्चर हुआ।
- दिनांक 10/10/22 को **KVA DAV Women's College, Karnal** द्वारा आयोजित स्लोगन रायटिंग प्रतियोगिता में कुमारी लवली ने पहला स्थान प्राप्त किया।
- दिनांक 02/12/2022 को संविधान दिवस के अवसर समूह परिचर्चा आयोजित की गई।
- दिनांक 06/04/2023 को पं0 चिरंजी लाल राजकीय महाविद्यालय, करनाल द्वारा आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 2 छात्राओं ने द्वितीय स्थान प्राप्त किये।
- दिनांक 18/04/2023 जिला स्तरीय प्रतियोगिता में छात्राओं प्रतिभागिता की।

- **<u>Computer Science Department</u>**
- दिनांक 07-09-2022 को E-Tech Club का आयोजन किया गया।
- दिनांक 30-09-2022 को Flyer making Competition का आयोजन किया गया।
- दिनांक 10-10-2022 को Techno-Competition का आयोजन किया गया।
- दिनांक 11-10-2022 को Tech-Spardha का आयोजन किया गया।
- दिनांक 11-11-2022 को Power-Point Presentation का आयोजन किया गया।

- दिनांक 29-11-2022 को Inter College Science Exhibition का आयोजन किया गया।
- दिनांक 01-03-2023 को Tech competition का आयोजन किया गया।
- दिनांक 20-03-2023 को Extension lecturer का आयोजन किया गया।
- दिनांक 15 to 16-03-2023 को Workshop On Artificial Intelligence का आयोजन किया गया।
- दिनांक 03 to 04-03-2023 को Two days workshop on MOOCS का आयोजन किया गया।

## • <u>खेलकूद विभाग गतिविधियाँ</u>

छात्राओं के ज्ञानवर्धन के साथ साथ महाविद्यालय उनके शारीरिक कौशल का विकास करने का पुरज़ोर प्रयास भी करता है। शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा छात्राओं को खेल–कूद की स्पर्धाओं में भाग लेने एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु निरन्तर प्रेरित किया जाता है। खेलों के स्तर को समृद्ध करने एवं छात्राओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने हेतु महाविद्यालय में एक **Sports Board** कार्यरत है। इस सत्र में शारीरिक शिक्षा विभाग की निम्नलिखित गतिविधियाँ एवं उपलब्धियाँ रहीं :–

दिनांक 14/11/22 से 16/11/22 महाविद्यालय की टीम ने अर्न्तमहाविद्यालय जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में एक रजत और एक कांस्य पदक जीता।

दिनांक 07/12/22 को महाविद्याालय की छात्रा ने कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र द्वारा आयोजित 'जूडो प्रतियोगिता' में प्रतिभागिता की।

दिनांक 14 से 16 नवंबर 2022 को कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र द्वारा आयोजित बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में महाविद्यालय की छात्रा सिम्मी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय में 13 व 14 दिसम्बर 2022 को महाविद्यालय में वार्षिक खेल–कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 200 छात्राओं ने 19 खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया प्रत्येक प्रतियोगिता के लिए प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरूस्कार दिये गये। खेलों के प्रति अधिक से अधिक छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए **Best Athlete** का चयन कर उन्हे पुरस्कृत किया जाता है। इस वर्ष बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा कु. सलोनी ने महाविद्यालय की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनने का गौरव प्राप्त किया।

दिनांक 6/4/2023 से 8/4/2023 तक कुरूक्षेत्र विश्वद्यिालय कुरूक्षेत्र द्वारा आयोजित वार्षिक खेल–कूद प्रतियोगिता में सलोनी बी.ए.फर्स्ट ईयर नें जैवलियन थ्रो में दूसरा और शॉटपुट में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## पुस्तकालय

महाविद्यालय का पुस्तकालय एक विस्तृत हाल में स्थापित किया गया है, जिसमें प्राध्यापकों एवं स्नातक तथा स्नातकोत्तर छात्राओं के लिए अलग अलग कक्ष बनाए गए हैं। पुस्तकालय में इस समय 16974 पुस्तकें उपलब्ध है। पुस्तकालय में प्रतिदिन 150-200 छात्राएँ व प्राध्यापक अध्ययन करते हैं। हरियाणा सरकार द्वारा 2021-22 में 4,00,000/- अनुदान राशि से **Books, Almirah, Furniture** इत्यादि वस्तुएँ खरीदकर पुस्तकालय को और समृद्ध किया गया है।

पुस्तकालय में इस समय 8 समाचार पत्र व सामान्य ज्ञान व प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम की 10 पत्रिकाएँ मंगवाई जा रही हैं। पुस्तकालय का पूर्णतया **Computerization** किया हुआ है। पुस्तकालय में **latest Version Soul 3.0 library Software** द्वारा **books** को **Issue Return** किया जाता है।

पुस्तकालय द्वारा **N-List, British Council Digital India** की **Membership** ली गई है। जिसमें **e-pathsahala, E-Resources, E-book, Shodha Sindhu, Cursive Writing, IELTS, Learn English, upgrade Skills Enging Online Events** का छात्राओं द्वारा अध्ययन किया जाता है।

## राष्ट्रीय सेवा योजनाः-

महाविद्यालय मे एन.एस.एस. की दो ईकाइयों में कुल 200 स्वयं सेवक छात्राएँ पंजीकृत हैं। ये इकाईयाँ सुश्री श्रुति एवं सुश्री सृष्टि के कुशल नेतृत्व में उत्कृष्ट कार्य कर रही हैं। इसके माध्यम से छात्राओं में श्रम के प्रति सम्मान की भावना उत्पन्न करने एवं सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जाता है। सत्र 2022-23 में एन.एस.एस. की दोनों इकाईयों द्वारा विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनका विवरण इस गतिविधियों का विवरण इस प्रकार है :-

- दिनांक 11/07/22 को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जागरूकता रैली निकाली जिसमें स्वयंसेविकाओं को जनसंख्या विस्फोट की गम्भीर समस्या के प्रति जागरूक किया।
- दिनांक 15/08/22 को स्वयंसेविकाओं ने ध्वजारोहण कार्यक्रम में भाग लिया तथा इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में स्वयंसेविकाओं द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया।
- 15/08/22 को आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वयंसेविकाओं ने सक्रीय भागीदारी की।
- 22/08/2022 को कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरूक्षेत्र द्वारा आयोजित उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन में स्वयं सेविकाओं ने भागीदारी की।
- राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करवाया गया जिसमे मुख्य रूप से महिला और स्वास्थ्य, बच्चा और शिक्षा जैसे विषयों पर प्रकाश डाला एवं स्वयंसंविकाओं ने अच्छे पोषण और इसकी महत्त्वपूर्ण भूमिका का संदेश पोस्टर बनाकर अपने आस पास के स्थानों पर भली-भांति पहुँचाया।

- दिनांक 08/09/2022 को विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर **Online Quiz** एवं **Poster Making** प्रतियोगिता आयोजित हुई।
- दिनांक 15/09/22 को विश्वशान्ति दिवस अवसर पर **“End Racism Build Peace”** विषय पर समूह चर्चा आयोजित हुई
- दिनांक 24/09/22 को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित **NSS Day** कार्यक्रम में स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया।
- दिनांक 02/10/22 को लाल बहादुर शास्त्री एवं गाँधी जयन्ती के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक गतिविधि परेड एवं स्वच्छता अभियान आदि कार्य किए गए।
- दिनांक 19/10/22 को **MGNCRE-MoEGOI Instituitional Workshop** का आयोजन किया गया।
- दिनांक 31/10/22 को राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में Poster Making एवं Run For Unity का आयोजन किया गया।
- दिनांक 26/11/22 को संविधान दिवस का आयोजन किया गया ।
- दिनांक 01/12/22 को विश्व एड्स दिवस पर शॉट लैक्चर आयोजित किया गया।
- 11/03/23 से 17/03/23 विशेष एन.एस.एस. कैम्प का आयोजन किया गया।
- 01/04/23 को विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता अभियान चलाया गया।
- दिनांक 26 एवं 27/02/2023 को निफा द्वारा ब्लड डोनेशन कैम्प में विशेष भागीदारी की।
- दिनांक 11/05/23 एवं 12/05/23 को Socio Economic Survey गावं रांवर एवं गंजोगेढ़ी में सर्वे किया गया।

<u>एन.सी.सी.ः–</u>

महाविद्यालय में डॉ0 अनीता जून के नेतृत्व में एक आर्मी विंग स्थापित है, जो 7 हरियाणा बटालियन एन.सी.सी. की शृङ्खला है। इसमें 67 एन.सी.सी. कैडेट्स **Enrolled** है। एन.सी.सी.

की कैडेट्स ने वर्ष भर विभिन्न शिविरों एवं गतिविधियों में भाग लिया तथा सामाजिक कुरीतियों के विरूद्ध जागरूकता अभियान और रक्तदान जैसे महान् कार्यों में उत्साहपूर्वक भागीदारी की। एन.सी.सी. की विभिन्न गतिविधियों का विवरण इस प्रकार हैः–

- दिनांक 25/07/22 को कैडेट्स द्वारा पौधारोपण किया गया।
- दिनांक08/08/22 को कविता एवं स्लोगन रायटिग, पोस्टर मेंकिंग मे कैडठ्स द्वारा बढ़–चढ़ कर भाग लिया गर्या।
- दिनांक09/08/22 को **'Rally Independent Day** के अवसर पर **Rally** निकाली गई तथा कैडेट्स ने इसमें भाग लिया।
- दिनांक 28/05/22 से 6–6–22 तक पंजाब में कैम्प आयोजित कियाा गया जिसमें महाविद्यालय के 6 कैडेटस ने मैडल प्राप्त किया।
- दिनांक 15/08/22 को स्वतन्त्रता दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में परेड का आयोजन किया गया जिसमें कैडे्ट्स ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया।
- दिनांक 08/09/22 को राजकीय महाविद्यालय, करनाल के 19 कैडेट्स द्वारा सैनिक स्कूल कुन्जपुरा में Firing Simulator Training में भाग लिया।
- दिनांक 28/09/22 को हरियाणा बटालियन का द्वारा कर्ण लेक, करनाल पर पुनीत सागर अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें कैडेटस को जल बचाओ, जीवन बचाओ एवं वृक्ष लगाओ पर जागृत किया गया।
- दिनांक 31/10/22 को पं. चिरन्जी लाल महाविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम में दिवस पर कैडेटस ने भाग लिया।
- दिनांक 05/11/22 को Tracking Camp में महाविद्यालय के 2 केडेटस ने ऑल इंडिया ट्रेकिंग कैम्प अजमेर, राजस्थान में भाग लिया।
- दिनांक 25/11/22 को **NCC Day** का आयोजन किया गया।
- दिनांक 26/01/23 को कैडेट्स ने गणतन्त्र दिवस परेड में भाग लिया।
- दिनांक 19/02/23 को कैडेट्स ने C Certificate के लिए Exam दिया जो सैनिक स्कूल कुंजपुरा में आयोजित हुआ।
- दिनांक 01/03/23 को 30 कैडेट्स ने National Youth Parliament Festival में हिस्सा लिया।
- दिनांक 17/03/23 को कैडेट्स ने रोड सेफ्टी रैली में भाग लिया।
- दिनांक 17/04/23 कैडेटस ने एड्स के प्रति महाविद्यालय की छात्राओं को जागरूक किया।

## Red Cross Committee

- 14/2/22 को विविध विषयों पर **Slogan Writing Competition** का आयोजन किया गया।
- 15/10/22 को **Depletion Competition** का आयोजन किया गया।
- 02/11/22 को **Ist Aid Training** का आयोजन किया गया।
- 06/12/22 को एड्स के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया।
- 20/12/22 को कॉलेज की जरूरतमंद छात्राओं को शाल वितरित किए गए।
- 14/2/23 को **Free Eye Checkup Camp** में 150 छात्राओं को लाभ मिला।
- 22/02/23 से 26/02/23 तक 9 छात्राओं ने जिला स्तरीय यूथ रैड क्रास ट्रेनिंग कैम्प में हिस्सा लिया।

## रैड रिबन क्लब :–

आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में महाविद्यालय में छात्राओं को रोजगार एवं व्यवसाय संबन्धी परामर्श प्रदान करने हेतु एवं व्यक्तित्व के सम्पूर्ण विकास के उद्देश्य से यह प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है। डा. डिम्पल बुधवार की देख–रेख में यह प्रकोष्ठ सुचारू रूप से कार्य कर रहा है। वर्षभर प्रकोष्ठ द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया जिनका विवरण इस प्रकार है–

- दिनांक 05/10/2022 को **HIV/AIDS Awareness & Drug** विषय पर विस्तार व्याख्या का आयोजन किया गर्या।
- दिनांक 09/11/2022 को **TB** जागरूकता हेतु विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया। साथ ही **Poster Making** प्रतियोगिता आयोजित हुई।
- दिनांक 09/12/22 को **AIDS** जागरूकता पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया
- दिनांक 11/04/23 को **HIV/AIDS** जागरूकता पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया।
- दिनांक 13/04/2023 को विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में छात्राओं द्वारा लाल गुब्बारों के साथ मानव शृङ्खला का निर्माण किया गया।

- **<u>Placement and Personality Development Cell :-</u>**

आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में महाविद्यालय में छात्राओं को रोजगार एवं व्यवसाय संबन्धी परामर्श प्रदान करने हेतु एवं व्यक्तित्व के सम्पूर्ण विकास के उद्देश्य से यह प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है। डा. राजेश सैनी की देख–रेख में यह प्रकोष्ठ सुचारू रूप से कार्य कर रहा है। वर्षभर प्रकोष्ठ द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया जिनका विवरण इस प्रकार है –

- दिनांक 26/08/2022 को कल्पना चावला राजकीय मैडिकल कॉलेज, करनाल द्वारा आयोजित **"उद्यमिता सम्मान एवं प्रोत्साहन सम्मेलन"** विषय पर संगोष्ठी आयोजित हुई जिसमें 24 छात्राओं ने भाग लिया।
- दिनांक 02/11/2022 और 04/11/2022 को **World Skill Information Center** के द्वारा **'Vocational Education'** विषय के बारे में जानकारी प्रदान की गयी।
- दिनांक 16/11/2022 को **Placement Cell** के द्वारा रोजगार सृजन विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया जिसमें छात्राओं को विभिन्न क्षेत्रो में रोजगार के अवसरों के बारे मे जानकारी दी।
- दिनांक 19/11/2022 को अच्छे भविष्य निर्माण पर अपने आपका कैसे तैयार करें विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया।
- दिनांक 25/11/2022 से 27/11/2022 को हुडा ग्राउंड सैक्टर–12 में एक नौकरी मेले का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की 50 छात्राएं **Job** के लिए चयनित हुईं।
- दिनांक 14/02/2023 को आर्टिफिशियल इण्टेलीजैन्सी विषय पर 2 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- दिनांक 28/02/2023 को **"How to build A Start up"** विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- दिनांक 17/03/2023 को **"Pre lacement Training Programme"** विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया।
- दिनांक 31/03/2023 को **Entrepreneurship & Pre Placement Training Program** विषय पर एक लैक्चर सीरीज़ का आयोजन किया गया।

## महत्त्वपूर्ण दिवस आयोजन–

महाविद्यालय में छात्राओं को भारत की ऐतिहासिक व सांस्कृतिक धरोहर संबंधी जानकारी प्रदान करने तथा उनमें प्रजातान्त्रिक, भाषाई, पर्यावरणीय व अन्य विषयों से संबंधित मूल्यों का संचार करने के लिए महत्वपूर्ण दिवस मनाने की परम्परा स्थापित की गई है। इस वर्ष आयोजित महत्वपूर्ण दिवसों का विवरण इस प्रकार है–

- दिनांक 02/08/2022 को 'आजादी का अमृत महोत्सव' कार्यक्रम के अन्तर्गत नारा लेखन, राखी बनाओ तथा **Poster Making** प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।
- दिनांक 31/10/2022 को छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय एकता के लिए शपथ ग्रहण की गई।
- दिनांक 25/01/23 को मतदान दिवस के रूप में मनाया गया।
- दिनांक 05/06/23 को राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस मनाया गया।

## विज्ञान प्रदर्शनी

- दिनांक 29/11/2022 को भौतिकी विभाग, रसायन विभाग, भूगोल विभाग एवं कम्प्यूटर विभाग द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें उक्त विभागों की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता की।
- दिनांक 02/12/2022 को राजकीय महाविद्यालय, घरौण्डा में आयोजित जिला स्तरीय प्रदर्शनी में छात्राओं ने भाग लिया तथा पुरस्कृत हुई।

## विषय परिषदें व गतिविधियाँ :–

महाविद्यालय में सभी विषयों की परिषदें गठित की गई है जिनके अन्तर्गत वर्ष भर विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं। इनका मुख्य उद्देश्य छात्राओं को वैचारिक, रचनात्मक एवं कलात्मक अभिव्यक्ति के अवसर प्रदान करना है। संबन्धित प्राध्यापकों के संरक्षण में इन परिषदों का संचालन छात्राओं द्वारा सुचारू रूप से किया जाता है।

## हिन्दी विभाग :–

गतिविधियों का विवरण निम्नलिखित हैं–

- दिनांक 14/09/2022 से 28/09/2022 तक हिन्दी पखवाड़ा मनाया गया जिसमें साहित्य की विभिन्न विधाओं यथा कविता पाठ, निबन्ध, फिल्म स्क्रीनिंग, कहानी लेखन, भाषण, पत्रकारिता शिक्षण, लोकचेतना एवं साहित्यक संदर्भ कार्यशाला इत्यादि को शामिल किया गया।

- 14 सितम्बर उद्घाटन समारोह
- 15 सितम्बर कविता पाठ प्रतियोगिता
- 16 सितम्बर निबन्ध लेखन
- 17 सितम्बर फिल्म स्क्रीनिंग
- 19 सितम्बर कहानी लेखन प्रतियोगिता
- 20 सितम्बर भाषण प्रतियोगिता
- 21 सितम्बर फिल्म स्क्रीनिंग
- 24 सितम्बर कार्यशाला प्रकाशन के नये आयाम
- 27 सितम्बर कार्यशाला लोकचेतना में विभाजन
- 28 सितम्बर कार्यशाला हिन्दी भाषा और समाज विरासत संघर्ष और चुनौतियां।
- दिनांक 01/04/2023 को एम.ए. हिन्दी की छात्राओं को अमर उजाला प्रैस का शैक्षिणक भ्रमण करवाया गया और छात्राओं ने लेखन एवं छपाई के बारे में जाना।

- <u>गणित विभाग :-</u>

- दिनांक 14/11/22 को पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- दिनांक 17/03/2023 को वैदिक मैथेमिटक्स विषय पर गैस्ट लैक्चर करवाया गया।
- दिनांक 26/04/2023 को एक क्वीज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

- <u>संस्कृत विभाग</u>

- दिनांक 14/08/2022 को संस्कृत सप्ताह समारोह के अर्न्तगत संस्कृत दिवस के उपलक्ष्य में संस्कृत साहित्य परिषद् द्वारा ऑनलाइन श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- दिनांक 19/09/2022 को नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- दिनांक 20/09/2022 को पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- दिनांक 26/09/2022 को रामायण, महाभारत आधारित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया।
- दिनांक 18 से 20/10/2022 तक राजकीय महाविद्यालय, करनाल में आयोजित होनें वाले युवा महोत्सव में छात्राओं ने संस्कृत नाटक भगवदज्जुकम् की प्रस्तुति दी।
- दिनांक 02/12/2022 को गीता जयन्ती के उपलक्ष्य में श्लोकोच्चारण एवं गीता आधारित भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- दिनांक 05/04/2023 को स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत, सत्यम् शिवम् सुन्दरम् विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

- दिनांक 06/04/2023 को अनुशासन एवं सत्यम् शिवम् सुन्दरम् विषय पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## अंग्रेजी विभाग :–

- दिनांक 18/10/2022 को **Spell Well Competition** का आयोजन किया गया।
- दिनांक 4 नवम्बर से 15 नवम्बर तक **National Level Essay Writing Competition** का आयोजन किया गया।
- दिनांक 07/11/2022 को **Extension Lecture on self skills : A Ladder to Success** का आयोजन किया गया।
- दिनांक 07/11/2022 को **Extension Lecture on Effective ways to improve presentation skills in english** का आयोजन किया गया।
- दिनांक 19/11/2022 को **Listening with Comprehension inter College Competition** का आयोजन किया गया।
- नवम्बर के अन्तिम सप्ताह में **Two Weeks Workshop on Communication Skills** का आयोजन किया गया।

## • गृह विज्ञान विभाग :–

- दिनांक 14/10/2022 को छात्राओं ने **KVA DAV College,** करनाल में आयोजित मेहन्दी रचाओ प्रतियोगिता में भाग लिया तथा पुरस्कार पाया।
- दिनांक 14 से 16/11/2022 को **Canvas Painting** कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- दिनांक 15 से 17/11/2022 को **Pot Decoration, Mandala Art & Lipan Art Skills** विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- दिनांक 25/11/2022 को **KVA DAV College** में आयोजित **Nail Art** कार्यशाला में विभाग की छात्राओं ने भाग लिया।
- दिनांक 05/12/2022 को **Fashion Designing Exhibition** का आयोजन किया गया।
- दिनांक 25/03/2023 को **Healthy Life Style** विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया।
- दिनांक 15/04/2023 को **Millet Year Celebration** के अवसर पर **"Millets Benefits"** और **"Future Aspects of Millets"** विषय पर का विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया।
- दिनांक 21/04/2023 को विभाग की छात्राओ ने **NDRI** का शैक्षणिक भ्रमण किया।

- शिक्षकों की व्यक्तिगत उपलब्धियाँ :–

✯ वर्ष 2022 में **ANO** डा. अनीता जून को मेजर के रैंक से सम्मानित किया गया।

✯ दिनांक 26.01.2023 को डा. अनीता जून को "जिला प्रशासनिक प्रशस्ति पत्र" के द्वारा सम्मानित किया गया।

✯ दिनांक 29.04.2023 को डा. अनीता जून ने DAV PG College में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में अध्यक्ष पद को सुशोभित किया।

✯ श्रीमती दुर्गेश का शोधपत्र **"Optical analysis of Ni-Ag based Nano composite films for promising application as ultraviolet region banned pass filters"** शोध पत्रिका **Material Science and Engineering B** में प्रकाशित हुआ।

✯ डा. एकता अरोड़ा का शोधपत्र **"Ionic liquids as potential reaction media for green chemical reactions: A short review"** शोध पत्रिका **Purva Mimansa** में प्रकाशित हुआ।

✯ श्रीमती सुमन चौधरी एवं श्री संजीव कुमार का संयुक्त शोधपत्र **"Electron plasma wave excitation by self focused cosh Gaussian laser beams in axially in homogeneous plasma effect of density ramp" Journal of Optics** में प्रकाशित हुआ।

✯ श्रीमती सुमन चौधरी एवं श्री संजीव कुमार का संयुक्त शोधपत्र **Self focusing of laser driven ion acoustic waves in plasma with axial density ramp" "Journal of optics "** शोधपत्रिका में प्रकाशित हुआ।

- ✯ श्रीमती सुमन चौधरी एवं श्री संजीव कुमार का संयुक्त शोधपत्र **"Second harmonic generation of two cross focused q Gaussian laser beams by non linear frequency mixing in plasma" Journal of optics** में प्रकाशित हुआ।
- ✯ श्रीमती सुमन चौधरी का शोधपत्र **"Stimulated Brilloium scattering of elliptical q Gaussian laser beams in plasma with axial density ramp: effect of self focusing" Journal of applied spectroscopy** शोधपत्रिका में प्रकाशित हुआ।

- ✯ श्री संजीव कुमार का शोधपत्र **"Stimulated Raman Scattering of Cosh Gaussian Laser Beams in Plasma with Axial Density Ramp : Effect of Self Focusing" , Journal of Russian Laser Reasearch** "शोधपत्रिका में नवम्बर 2022 में प्रकाशित हुआ।
- ✯ श्री संजीव कुमार का शोधपत्र **"Excitation of Electron Plasma Wave by Self Focused Cosh-Gaussian Laser Beams in Collisonless Plasmas : Effect of Density Ramp" Journal of Applied Spectroscopy** शोधपत्रिका में मार्च 2023 में प्रकाशित हुआ।
- ✯ श्री संजीव कुमार का शोधपत्र **"Stimulated Raman Scattering of Cosh Gaussian Laser Beams in Plasma with Axial Density Ramp : Effect of Self Focusing" , Journal of Russian Laser Reasearch** "शोधपत्रिका में नवम्बर 2022 में प्रकाशित हुआ।
- ✯ श्री संजीव कुमार का शोधपत्र **"Stimulated Raman Scattering of self Focused Laguerre & Gaussian Laser Beams in axially inhomogeneous Plasma", Journal of Optics** में मई 2023 में प्रकाशित हुआ।

✯ डॉ. विदुषा ने दिनांक 29.11.2023 से 01.12.2023 तक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय गीता संगोष्ठी "World Peace & Harmony Insights From Srimad Bhagwad Gita" में "श्रीमद्भगवद्गीता और विश्वशान्ति" विषय पर शोधपत्र वाचन किया तथा दिनांक 03/04.03.2023 को **"Developing Moocs"workshop** में भाग लिया।

**✯डा0 रमेश कुमार ने 5 अप्रैल 2023 को ऑनलाइन नेशनल वर्कशॉप का आयोजन किया। यह कार्यशाला intellectual Property Right मिनिस्ट्री ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री , भारत सरकार के सहयोग से संपन्न हुई । इस कार्यशाला में लगभग 430 लोगों ने भाग लिया ।**

**✯ डा0 रमेश कुमार का शोध पत्र "Pillars of digitalisation in business : A study of Indian economy" Journal of Fundamental & Comparative Research में दिसंबर 2022 में प्रकाशित हुआ।**

**✯ डा0 रमेश कुमार का शोध पत्र "financial reporting system with Indian accounting standard 102 - Share Based Payment" 'शोधप्रभा' में प्रकाशित हुआ।**

**✯ डा0 रमेश कुमार का एक अन्य शोध पत्र titled " Recent changes in Indian Business and Management : A conceptual study" 'Journal of the Asiatic Society of Mumbai' में प्रकाशित हुआ।**

- **✯ डा0 रमेश कुमार का एक अन्य शोध पत्र " Prospective of social media interaction on Consumer Brand Preference" दिसंबर 2022 , Journal of Fundamental & Comparative Research में प्रकाशित हुआ।**
- **एक अन्य शोध पत्न "पर्यावरणीय अस्थिरता के लिए ग्रीन बैंकिंग : भारतीय बैंकों का एक अध्ययन" referred Journal by New Archaeological & Genealogy Society kanpur India , Issue - II(D) , 2022 मैं प्रकाशित हुआ।**

- उपलब्धियाँ :–

- महाविद्यालय द्वारा नई शिक्षा नीति (NEP 2020) को योजनाबद्ध और चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा रहा है।
- महाविद्यालय में पानी को जमा करने के लिए पांच रेन वॉटर हॉरवासिटंग बने हुए हैं।
- रूम नं0 53 IQAC, NAAC, Research Development Center आदि के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है।
- **RUSA** द्वारा 2,53,90,000/– की विशेष ग्रांट **Class Room Multipurpose Hall** के लिए प्राप्त हुई।
- 10 नये कमरों के निर्माण के लिए प्रस्ताव विभाग को भेजा हुआ है।
- 25,00,000/– कॉलेज कैंटीन के लिए प्रस्तावित हैं।